हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

NEWS

dku live

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 01 अंक–218 : जौनपुर, बुधवार 03 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## आजमगढ़ में नगर निकाय चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री नें किया सभा

आजमगढ़ ब्यूरो : नगर निकाय चुनाव के तहत भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को शहर के श्रीकृष्ण पाठशाला इंटर कालेज में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। सीएम का उड़न खटोला निर्धारित समय से लगभग एक घंटे देर से हेलेपैड पर उतरा। मंच से संबोधन शुरू करते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है। जिसके चलते देश व प्रदेश का विकास दो गुनी रफ्तार में हो रहा है। वहीं अब इस डबल इंजन की सरकार में तीसरा इंजन भी जुड़ जाए तो विकास की रफ्तार तीन गुनी से पांच गुनी तक हो जाएगी। उन्होंने जनपद की धरती को नमन करते हुए कहा कि हमारा आजमगढ़ दुनिया के अंदर कभी अपने ओज व तेज के लिए जाना जाता था। देश की आजादी में भी इस जिले का अहम योगदान रहा है। आजादी के बाद जिन भी लोगों के हाथो में सत्ता आयी, उन लोगों ने इस जिले व यहां के लोगों का सिर्फ दोहन किया। युवाओं के हाथों में तमंचा पकड़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि एक वक्त ऐसा भी आया जब यहां के लोगों के माथे पर पहचान का संकट खड़ा हो गया। हमारी सरकार ने पहचान के संकट को मिटाने का काम किया। आज आजमगढ़ से लखनऊ पहुंचने में अधिकतम तीन घंटे लगते है इसके पीछे कारण पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का निर्माण है। जिले को हमने विश्वविद्यालय भी दिया है, जल्द ही इसके प्रशासनिक भवन का कार्य पूर्ण हो जाएगा। एक कलाकार यहां से सांसद है और यहां का गांव हरिहरपुर कलाकारों का गांव है। ऐसे में सांसद की मांग पर हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय का शिलान्यास किया जा चुका



है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश ही नहीं दुनिया में संकट मोचक के रूप में जाने जाते है। सूडान में फंसे लोगों को अपनी रणनीति के दम पर प्रधानमंत्री से अपने लोगों को बाहर निकाल लिया। नौ वर्ष में करोड़ो लोगों को रोजगार, शौचालय दिया। 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत लाभान्वित किया। 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन दिया। हम जाति धर्म नहीं सभी के विकास की सोच रखने वाले है। तुष्टिकरण किसी का भी नहीं करते है। हमने युवाओं के हाथों में तमंचा नहीं बल्कि टेबलेट दिया। सड़कों का जाल बिछाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भी अब यदि आजमगढ़ आएंगे तो इसे पहचान नहीं सकेंगे। डबल इंजन की सरकार ने डबल स्पीड से काम किया और तीसरा इंजन भी जुड़ जाए तो विकास की स्पीड तीन से पांच गुजा हो जाएगी।

## तीन नगर पालिका व 9 नगर पंचायतों के लिए मतदान कल : पोलिंग पार्टियां हुई रवाना सुरक्षा हेतु व्यवस्था चाक–चौबंद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर जिले में प्रथम चरण में हो रहे नगर निकाय चुनाव को लेकर 12 नगर निकायों में चार मई को मतदान व 13 मई को मतगणना होगी। इसके लिए जिला प्रशासन की तरफ से तैयारी पूरी कर ली गई है। पोलिंग पार्टियों की रवानगी तहसीलों में व सदर में बीआरपी इंटर कॉलेज स्थल से रवाना कधि जा रही है। इसको लेकर वाहनों का अधघ्रिहण कर लिया है। जिले के कुल 12 नगर नध्किायों में चुनाव होना है। इसमें तीन नगर पालध्कि व नौ नगर पंचायत है। नगर पालध्किा परध्षिद जौनपुर, शाहगंज, मुंगराबादशाहपुर व नगर पंचायत मछलीशहर, बदलापुर, मड़ध्यिाहूं, केराकत, जफराबाद, खेतासराय, रामपुर, गौराबादशाहपुर, कचगांव में चुनाव होना है।नगरीय नध्किाय चुनाव को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। जध्लि के 12 नगर नध्किायों में शांध्तध्पूिर्ण तरीके से मतदान कराया जाएगा। इसके लध्एि पोलध्गि पार्टध्यिां मतपेटध्किाओं व अभिलेखों के साथ मतदान स्थल के लिए रवाना किया जा रहा है।मतदान करने को लेकर 2144 मतदान कार्मिक लगाया गया है, इसमें 536 पोलिग पार्टियां बनाई जाएंगी। इसमें 10 फीसदी रिजर्व वाली संख्या भी शामिल है। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने लिए पुलिस फोर्स तैनात रहेगी।पोलिंग पार्टियों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए 176 बड़ी बस व सेक्टर, जोनल व पुलिस के लिए 150 बोलेरों लगाई गई है। इन वाहनों को पोलिंग पाटिध्यिों के रवानगी वाले स्थल पर इकट्ठा किया गया है। सदर तहसील के निकायों की पोलिंग पार्टियों की रवानगी बीआरपी इंटर कालेज से होगा। इसमें नगर पालिका जौनपुर, नगर पंचायत कचगांव, जफराबाद, गौराबादशाहपुर है। इसी तरह नगर पालिका परिषद शाहगंज, नगर पंचायत खेतासराय के लिए कृषि उत्पादन मंडी समिध्ति शाहगंज, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर, नगर पंचायत मछलीशहर के लिए बिहारी महिला महाविद्यालय मछलीशहर, नगर पंचायत मड़ियाहूं, रामपुर के लिए स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज मड़ियाहूं, नगर पंचायत बदलापुर के लिए सल्तनत बहादुर पीजी कालेज बदलापुर, नगर पंचायत केराकत के लिए



पब्लिक इंटर कालेज मनयिरा को पार्टी रवानगी के लिए स्थल बनाया गया है।कुल 12 नगर निकाय। कुल वार्ड–208। कुल मतदान केंद्र 154, कुल मतदान स्थल 488। जोन–19, सेक्टर–40। आरओ–39, एआरओ–48। प्रभारी अधध्किारी–23, सहायक प्रभारी अधिकारी–45। संवेदनशील मतदान केंद्र–44, स्थल–133। अति संवेदनशील मतदान केंद्र–34, स्थल–112। अति संवेदनशील प्लस मतदान केंद्र–16, स्थल–66। सामान्य मतदान केंद्र–60, स्थल–177। कुल मतदाता–चार लाख 35 हजार 480। कुल महिला मतदाता–दो लाख तीन हजार 989। कुल पुरुष मतदाता–दो लाख 31 हजार 491।

## तहसील केराकत के पब्लिक इंटर कालेज में मतदान केन्द्र एवं स्ट्रांग रूम का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : नगरीय निकाय निर्वाचन–2023 के मद्देनजर चुनाव प्रेक्षक मा0 मनोज कुमार सिंह ने तहसील केराकत के पब्लिक इंटर कालेज में मतदान केन्द्र एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं अन्य



व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने बूथों पर प्रकाश पेयजल,व साफ–सफाई की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्हाने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप मतदान एवं मतगणना को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा, क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा, अधिशासी अधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 में जनपद में मतदान 04 मई 2023 को प्रातः 07:00 बजे से अपरान्ह 06:00 बजे तक होगा सम्पन्न–जिला मजिस्ट्रेट

जौनपुर सू.वि. : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) श्री अनुज कुमार झा ने अवगत कराया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 में जनपद में मतदान 04 मई 2023 को प्रातः 07:00 बजे से अपरान्ह 06:00 बजे तक सम्पन्न कराया जाना है, जिसके लिए समस्त मतदान पार्टियों दिनांक 03 मई 2023 को निर्धारित स्थलों से प्रस्थान की। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 में 03 मई 2023 को मतदान पार्टियों को सकुशल प्रस्थान कराये जाने, 04 मई 2023 को सकुशल मतदान सम्पन्न कराये जाने, मतदान के पश्चात मतदान पार्टियों की सकुशल वापसी एवं सील्ड मतपेटिकाओं को सुरक्षित स्ट्रांग रूम में जमा कराये जाने हेतु अधिकारियों को तहसील/ निकार्यों के लिए सुपर जोनल मजिस्ट्रेट नामित करते हुये आदेशित किया गया है कि वे दिनांक 03 मई 2023 को मतदान पार्टियों के प्रस्थान स्थल पर उपस्थित रहकर मतदान पार्टियों का प्रस्थान सुनिश्चित करायेंगे तथा 04 मई 2023 को मतदान के दिन भ्रमणशील रहते हुए सकुशल मतदान पूर्ण कराकर मतदान समाप्ति के पश्चात मतदान पार्टियों की सकुशल वापसी एवं सील्ड मतपेटिकाओं को अपनी देख–रेख में सुरक्षित स्ट्रांग रूम में जमा करायेंगे। जिसके लिए तहसील सदर एवं केराकत हेतु सुपर जोनल अपर जिलाधिकारी (वि०राजस्व) श्री राम अक्षयबर चौहान जो नगर पालिका परिषद जौनपुर, नगर पंचायत कचगांव, नगर पंचायत जफराबाद, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर, नगर पंचायत केराकत का प्रस्थान स्थल बीआरपी इंटर कॉलेज जौनपुर एवं वापसी स्थल स्ट्राग रुम तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज जौनपुर के लिए तैनात किए गए है। अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व श्री गणेश प्रसाद जो तहसील शाहगंज, बदलापुर के लिए सुपर जोनल अधिकारी नियुक्त किये गये है, नगर पालिका परिषद शाहगंज, नगर पंचायत खेतासराय, नगर पंचायत बदलापुर निकाय हेतु प्रस्थान स्थल एवं वापसी स्थल/ स्ट्रांग रूम कृषि उत्पादन मंडी समिति शाहगंज, नगर पंचायत बदलापुर हेतु सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज बदलापुर के लिए सुपर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किये गए है। उपसंचालक चकबंदी सोमनाथ मिश्र जो मछलीशहर के लिए सुपर जोनल बनाये गये है, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर, नगर पंचायत मछलीशहर में बिहारी महिला महाविद्यालय मछलीशहर परिसर एवं तहसील मड़ियाहूं में नगर पंचायत मड़ियाहूं एवं नगर पंचायत रामपुर हेतु स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज मड़ियाहूं से प्रस्थान एवं वापसी के लिए सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किए गये हैं।

## राजधानी मे व्यापारियों एवं शिक्षकों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त होकर निकाला ''मतदाता जागरूकता पैदल मार्च ''

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, सिटी कान्वेंट स्कूल एवं एडोप्ट मैनेजमेंट सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को पारा क्षेत्र में ''मतदाता जागरूकता पैदल मार्च ''निकालकर व्यापारियों, अभिभावकों एवं जनता को अनिवार्य मतदान के लिए जागरूक किया। ''मतदाता जागरूकता पैदल मार्च ''में व्यापारियों अभिभावकों एवं शिक्षक, शिक्षिकाओ ने हिस्सा लिया इस अवसर पर बोलते हुए व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा मतदान हमारा अधिकार भी है और कर्तव्य भी, उन्होंने कहा सही प्रतिनिधि चुना जाए इसके लिए यह आवश्यक है कि हम लोग अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। संजय गुप्ता ने कहा यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो हमें व्यवस्था को दोष देने का भी कोई अधिकार नहीं है। सिटी कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक अंकित उपाध्याय ने अभिभावकों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की ''मतदाता जागरूकता पैदल मार्च'' में उत्तर प्रदेश आदर्श



व्यापार मंडल के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल ,नगर अध्यक्ष हरजिण्दर सिंह, नगर महामंत्री मोहित कपूर, नगर महिला इकाई की अध्यक्ष अनिला अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वर्तिका शुक्ला , वीना देवी, सिटी कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक अंकित उपाध्याय, प्रिया उपाध्याय, अडॉप्ट मैनेजमेंट सोसाइटी की संस्थापिका शशी सिंह पार्वती गुप्ता, अरबिंद गुप्ता सहित भारी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं, व्यापारी एवं अभिभावक शामिल थे।

## भदोही में है हजारों साल पुरानी सूर्य प्रतिमा : मंदिर की परिक्रमा करने पर बनता है 'ओम' का आकार

भदोही ब्यूरो : मखमली कालीनों के लिए पूरे विश्व में विख्यात भदोही की ऐतिहासिकता अपने आप में काफी समृद्ध है। 15वीं शताब्दी में यहां आए बघेल राजवंशों की छावनी आज भी जिले में हैं। यहां आज भी राजवंश परिवार से जुड़े लोग रह रहे हैं। भदोही के हरियावं स्थित बघेल छावनी काफी दूर–दूर तक प्रसिद्ध है। यहां हजारों साल पुरानी सूर्य की प्रतिमा की सही उम्र आज भी कोई नहीं बता पाता। पुरातत्व विभाग के मुताबिक मूर्ति कोणार्क कालीन है। यह संभवतः एकलौती दुर्लभ सूर्य प्रतिमा है। भदोही के हरियावं में स्थित बघेल छावनी समृद्ध इतिहास को अपने अंदर समेटे हुए है। इस मंदिर में विशाल पीपल के वृक्ष का भी अपना एक इतिहास है। बघेल परिवार से जुड़े ऋषभ देव सिंह बताते हैं कि पहले पीपल के वृक्ष के पास ही सूर्य देवता का प्राचीन मंदिर बना हुआ था। लगातार विशाल हो रहे वृक्ष के स्वरूप के कारण मंदिर टूटने लगा। जिसके बाद उनके पिता स्व. अजीत कुमार सिंह ने 1993 में एक नया मंदिर बनवाया। जिसका नाम सिद्धपीठ शिवायतन व सूर्य मंदिर रखा। ऋषभ के पिता ने मंदिर में पंचायतन मूर्तियों की स्थापना करवायी। जिसमें भगवान शिव, विष्णु, मां दुर्गा, श्रीगणेश और प्राचीन सूर्य देवता की प्रतिमा हैं। बताया कि वैदिक शास्त्रों के अनुसार यह पंच देव ही प्रमुख है, शेष देवता इनके अंगीय हैं। खास बात यह है कि मंदिर जिस चबुतरे पर बनाया गया है। उसकी परिक्रमा ओमकार है, यानि परिक्रमा करने पर ओम का आकार बनता है। 2007 में मूर्ति लेने पहुंची पुरातत्व की टीम ऋषभ बताते हैं कि 2007 में पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम बघेल छावनी पहुंची और मूर्ति की जांच



पड़ताल की। जांच के बाद उन्होंने बताया कि मूर्ति कोर्णाक कालीन हो सकती है। मंदिर में जो प्राचीन सूर्य मूर्ति है। उसमें भगवान सूर्य देवता को जूता पहनाया गया है। बताया कि कोणार्क कालीन मूर्तियों के ही पैरों में जूते पहनाए जाते थे। इससे यह अंदाजा लगाया गया कि यह सूर्य मूर्ति कोणार्क कालीन हो सकती है। पुरातत्व विभाग इसे दुर्लभ बताते हुए अपने साथ ले जाने की बात कहीं, लेकिन बघेल राजवंश के कुल देवता और आराध्य होने के कारण उनके पिता ने मूर्ति ले जाने से मना कर दिया। सूर्य मंडल के साथ है मूर्ति हजारों सालों से पुरानी इस मूर्ति में सूर्य पूरे मंडल के साथ हैं। इसमें छह देवता, दो अश्वनी कुमार और ऋषियों के साथ ही दो असुर भी हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सूर्य मंडल में यह सभी लोग होते हैं। यह इकलौती ऐसी दुर्लभ मूर्ति है। जिसमें सूर्य अपने मंडल के साथ विराजमान हैं। ऋषभ बताते हैं कि पूरे भारत में शायद ही कोई ऐसा स्थान होगा। जहां सूर्य देव की मूर्ति होगी। बताया कि मंदिर में हर सप्तमी तिथि के साथ ही संक्रांति व ग्रहण इत्यादि पर विशेष पूजन होते हैं।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## मतदान स्थल पर कोविड–19 हेतु व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में जारी दिशा निर्देश

जौनपुर सू.वि. : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) श्री अनुज कुमार झा ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 में मतदान केन्द्र/स्थल पर कोविड–19 के दृष्टिगत व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश जारी किया गया है तथा निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक मतदान दल के सदस्यों को एक लीटर सैनेटाइजर एवं फेस मास्क उपलब्ध कराया जाएगा। कोविड–19 के दृष्टिगत बचाव हेतु मतदान के दौरान मतदाताओं का हाथ सेनेटाइज कराने हेतु मा० आयोग के निर्देश के क्रम में प्रत्येक मतदेय स्थल पर एक–एक लीटर सैनेटाइजर एवं प्रत्येक मतदान कर्मी के लिए फेस मास्क उपलब्ध कराया गया है। सैनेटाइजर की बोतल मतदान अधिकारी प्रथम के टेबल पर रखी जाएगी। मतदाता मतदेय स्थल में प्रवेश करते ही टेबल पर रखे सैनेटाइजर से अपना हाथ स्वयं सैनेटाइज करेगा। सैनेटाइज करने के उपरान्त मतदान की अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। मतदान प्रक्रिया के दौरान सभी मतदान कर्मी अनिवार्य रूप से फेस मास्क लगाये रखेंगे।

## हनुमान चालीसा केंद्र आलमबाग में स्थापित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया के द्वारा चलाया गया हनुमान चालीसा केंद्र की प्रथम स्थापना हुई।आलमबाग



में पवनपुरी क्षेत्र में शुरुआत हुई। राजीव शुक्ला महानगर अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल ने बताया कि हम सभी ने लक्ष्य रखा है कि आने वाले दिनों में लखनऊ में 10000 हनुमान चालीसा केंद्र खोलेंगे और सभी हिंदू भाइयों को इसके द्वारा एक जुट करेगे।

## अपर जिला जज द्वारा किया गया जिला कारागार हरदोई का निरीक्षण

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई सुधाकर दुबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई राज कुमार सिंह के सरंक्षण एवं अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के



तत्वाधान में आज जिला कारागार हरदोई का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज द्वारा बैरक में बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकरी प्राप्त की गई । अपर जिला जज द्वारा बंदियो को जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की स्थापना की गई है जिससे ऐसे बंदी जो अपना अधिवक्ता स्वयं करने में आर्थिक रूप से असमर्थ है उनके मुकदमे की निःशुल्क पैरवी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में चीफ, डिप्टी व दो असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल की नियुक्ति की गई है। अपर जिला जज द्वारा जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि बंदियों की समस्यायों के समाधान के लिए लीगल एड डिफेन्स काउंसिल से निःशुल्क विधिक सहायता के लिए प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित करें।इस अवसर जेल अधीक्षक उदय प्रताप मिश्र, डिप्टी जेलर विजया लक्ष्मी, अलका व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

ईश्वर वो नहीं देता जो आपको अच्छा लगता है, ईश्वर वह देता है जो आपके लिए अच्छा होता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# विराट–गंभीर का टकराव

क्रिकेट या किसी भी अन्य खेल में मैदान पर खिलाड़ियों का उग्र होना कोई नई या अनोखी बात नहीं है। खिलाड़ी स्वयं भी ऐसे अग्रेशन को पार्ट ऑफ द गेम ही मानते हैं।

फिल्म घातक में अमरीश पुरी सनी देओल को कहते हैं,'क्रोध को पालना सीख काशी बेटा', पर क्या खेल के मैदान पर क्रोध को पाला जा सकता है? दरअसल, लखनऊ सुपर जाएंट्स और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के लखनऊ में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के अंत में विराट कोहली और गौतम गंभीर इतने उग्र हो गए कि दोनों में भिड़ंत हो गई। हालांकि, क्रिकेट या किसी भी अन्य खेल में मैदान पर खिलाड़ियों का उग्र होना कोई नई या अनोखी बात नहीं है। खिलाड़ी स्वयं भी ऐसे अग्रेशन को पार्ट ऑफ द गेम ही मानते हैं।

खेल में जोश, जज्बा, जुनून को पैदा करने का जरिया उग्र व्यवहार या क्रोध बनता है। वैसे, आईपीएल मैनेजमेंट ने आरसीबी के खिलाड़ी विराट कोहली और एलएसजी से जुड़े गौतम गंभीर की 100 प्रतिशत मैच फीस काटी है और दोनों की भिड़ंत की वजह बने एलएसजी के खिलाड़ी नवीन उल हक पर 50 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया गया है। अच्छी बात यह है कि कोहली और नवीन ने अपनी गलती मान भी ली है। यही क्रिकेट है।

पूर्व में क्रिकेट के मैदान पर क्रोध जताने की कई घटनाएं हुई हैं। लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर से लेकर सौरव गांगुली, हरभजन सिंह, युवराज सिंह, गौतम गंभीर, विराट कोहली की गिनती तो उन खिलाड़ियों में होती है, जो मैदान पर अपनी उग्रता के लिए प्रसिद्ध रहे हैं और काफी हद तक इन्हें क्रिकेट प्रेमियों द्वारा पसंद भी किया जाता है।

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर 10 फरवरी 1981 को ऑस्ट्रेलिया के साथ एक टेस्ट मैच के दौरान अंपायर के एलबीडब्ल्यू आउट देने के फैसले और उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों द्वारा उकसाने पर इस कदर नाराज हो गए थे कि पिच से अपने साथी खिलाड़ी चेतन चौहान को लेकर बाउंड्री तक पहुंच गए थे।

सौरव गांगुली को कौन भूल सकता है? उन्हें तो टीम इंडिया में अग्रेशन लाने वाला कप्तान कहा जाता है। इंग्लैंड के खिलाफ 13 जुलाई 2002 को वनडे मैच में उन्होंने भारत की जीत पर लॉर्ड्स स्टेडियम की बालकनी में अपनी शर्ट उतार कर लहरा दी थी।

हरभजन सिंह और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एंड्रयू सायमंड्स के बीच की नोकझोंक तो आज भी क्रिकेट प्रेमियों की स्मृति में ताजा है। सायमंड्स ने वर्ष 2007–08 के एक टेस्ट मैच के दौरान आरोप लगाया था कि हरभजन ने उन्हें मंकी (बंदर) कहा। इसके बाद हरभजन पर तीन टेस्ट मैचों का प्रतिबंध लगा था। उसके बाद कई बार हरभजन ने एंड्रयू सायमंड्स को लेकर मैदान पर अपना अग्रेशन न केवल दिखाया, बल्कि जब भी दोनों मैदान पर साथ दिखे तो चर्चाएं शुरू हो जाती थीं।

कई मैचों के दौरान हरभजन को गुस्से में बल्ला हिलाते या गेंद फेंकते देखा जा सकता था। हरभजन और पाकिस्तानी बॉलर शोएब अख्तर के बीच भिड़ंत को क्रिकेट प्रेमी अक्सर याद करते हैं।

गंभीर–अफरीदी की भिड़ंत

भारतीय ओपनर रहे गौतम गंभीर के लिए मैदान पर भिड़ना कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तानी ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी हों या विकेटकीपर कामरान अकमल या कोई अन्य पाकिस्तानी खिलाड़ी, गौतम गंभीर हमेशा इन खिलाड़ियों से मैदान पर भिड़े हैं। अफरीदी और गौतम की आपसी नोकझोंक तो आज भी याद की जाती है।

वर्ष 1996 के क्रिकेट वर्ल्डकप में वेंकटेश प्रसाद और पाकिस्तानी बल्लेबाज आमिर सोहेल के बीच की नोकझोंक को कैसे बुलाया जा सकता है? जब वेंकटेश की गेंद पर आमिर सोहेल ने चौका लगाकर उंगली का इशारा दिखाया था और अगली गेंद पर वेंकटेश ने आमिर सोहेल को बोल्ड कर दिया था। उसके बाद वेंकटेश का गुस्सा देखने वाला था।

पहला टी–20 वर्ल्ड कप तो सभी को याद होगा, जब कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में भारत ने इसे जीता था। टूर्नामेंट के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच में युवराज सिंह की भिड़ंत ऑल राउंडर फ्लिंटॉफ से हो गई। फ्लिंटॉफ के उकसाने पर युवराज इतने गुस्से में आ गए थे कि उन्होंने स्टुअर्ट ब्रॉड के अगले ही ओवर में छह बॉल पर छह छक्के जमा दिए थे।

इसे पॉजिटिव अग्रेशन के रूप में लिया गया था। युवराज सिंह को पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के साथ कई मैचों में मैदान पर क्रोधित होते और अग्रेशन दिखाते देखा जा सकता था।

विराट कोहली की गिनती भी बेहद अग्रेशिव खिलाड़ियों में होती है और उन्हें मैदान पर चीखते–चिल्लाते हुए खिलाड़ियों में जोश भरते देखा जाता है। हालांकि, लखनऊ में एलएसजी के खिलाफ उनके गुस्से की नींव आरसीबी और एलएसजी के बीच बेंगलुरु में खेले पिछले मैच में पड़ गई थी। जब एलएसजी ने आरसीबी को उसके घर बेंगलुरु में जीते–जीताए मैच को अंतिम गेंद पर हरा दिया था और तब एलएसजी से जुड़े गौतम गंभीर ने अपने अग्रेशन का काफी प्रदर्शन किया था। लखनऊ में उसी का जवाब कोहली दे रहे थे।

कुछ खिलाड़ी बेहद शांति–प्रिय

हालांकि, गुस्सैल खिलाड़ियों के अलावा भारतीय टीम में चंद खिलाड़ी ऐसे भी हुए हैं, जो अपने संयम के लिए जाने जाते हैं। उनमें पहला नाम महेंद्र सिंह धोनी का आता है। इसलिए उन्हें कैप्टन कूल भी कहा जाता है। भारत–पाक मैचों के दौरान जब भी खिलाड़ी आपस में भिड़े तो कैप्टन कूल धोनी ने ही उन्हें शांत कराया और माहौल को बेहद हल्का कर बात खत्म करा दी।

कुछ हद तक सचिन तेंदुलकर भी ऐसे विवादों से दूर रहे हैं। पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ भी बेहद शांत कप्तान रहे हैं। हालांकि, एक–दो अवसरों पर तो उन्होंने भी अपना अग्रेशन दिखाया है। खेल के मैदान पर अग्रेशन अच्छा है, क्योंकि यह खेल का ही एक हिस्सा है, पर खिलाड़ियों को मैदान के बाहर इसे नहीं लेकर जाना चाहिए और हम अक्सर ऐसा देखते भी हैं कि खिलाड़ी मैदान का गुस्सा बाहर नहीं ले जाते।

अग्रेशन नहीं होगा तो फिर खेल कैसा? दिल्ली ब्वॉज कोहली और गौतम के बीच भिड़ंत मैदान पर छूट गई है और क्रिकेट बढ़ गया है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर और मेहंदी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रजत डिग्री कॉलेज,कमता, लखनऊ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक और सेविकाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। पोस्टर के माध्यम से बताया कि मतदान हमारे देश के विकास के लिए कितना महत्वपूर्ण है और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हम सभी को अपने मतदान की शक्ति का प्रयोग करना चाहिए। छात्राओं ने मेहंदी के द्वारा भी मतदान जागरूकता को दर्शाया। अंत में सभी ने शपथ



ली कि आगामी 4 मई को होने वाले नगर निकाय चुनाव 2023 में हम सभी अपना बहुमूल्य वोट देंगे।

## जेबा परवीन फाउंडर डायरेक्टर द्वारा किया गया कैरियर फेयर का आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। '' (Zeba International Education Of Scholarbirds) द्वारा सेठ एम. आर. जयपुरिया, गोयल कैम्पस, अयोध्या रोड लखनऊ में ''ब्तममत थ्ंपत'' का आयोजन किया गया। उदघाटन मुख्य अतिथि डॉ. अम्मार रिजवी, पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री उ.प्र., महेश अग्रवाल, चेयरमैन गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस व श्वेता सिंह, वाइस प्रेसिडेंट अवध क्षेत्र, बी.जे.पी. द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा सभी गणमान्य अतिथियों के द्वारा फेयर में सम्मिलित सभी यूनिवर्सिटीज के प्रतिनिधियों व बच्चों को सम्बोधित किया गया। सभी के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जेबा परवीन, फाउंडर डायरेक्टर, द्वारा की गई इस पहल व सफल संचालन का तहेदिल से स्वागत किया गया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस कैरियर फेयर में गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, एरा यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी, INIFD सहित अन्य 25 यूनिवर्सिटीज ने



भाग लिया तथा अपनी–अपनी यूनिवर्सिटीज में पढ़ाये जा रहे विषयों व कोर्सेज के बारे में बच्चों को बहुत ही विस्तार से बताया व समझा कर उनका मार्गदर्शन किया। फेयर में लगभग 500–600 बच्चों ने हिस्सा लिया तथा बच्चे इस फेयर में मिली जानकारी व मार्गदर्शन से बहुत खुश और उत्साहित हुए। इस कैरियर फेयर का आयोजन जेबा परवीन, फाउंडर डायरेक्टर द्वारा किया गया।

## वर्तमान पीढ़ी को अतीत के सुनहरे इतिहास से परिचित कराना अत्यंत आवश्यक है –मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। 1857– एक क्रांति गाथा– आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी कैडेट्स ने मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर जाकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति के माध्यम से 1857 के संग्राम के कुछ महत्वपूर्ण नायकों का परिचय दिया। कैडेट तनु सारस्वत, अंजली राय, कीर्ति रस्तोगी, ललिता यादव, खुशी कनौजिया, गीतांजलि, शिवानी वर्मा आदि ने मंगल पांडे, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई जैसे आजादी के दीवानों का जीवन परिचय दिया। कैडेट तनुजा,नंदिनी, कीर्ति मिश्रा,महिमा,अंजली, श्रुति, त्रिनेत्री,दीपांशी, खुशी सिंह, वर्षा, सुप्रिया, प्रियंका, श्रेया, शुभांगी, ज्योति आदि भी सम्मिलित रहे। एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को अतीत के सुनहरे इतिहास से परिचित कराना अत्यंत आवश्यक है । विशेष रूप सेआजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अमृत काल में हम सभी का दायित्व है कि हम देश के उन सभी आजादी के मतवालों से परिचित हो सके, जिन्होंने अपने देश की आन,बान और शान की खातिर



अपने प्राणों तक को न्योछावर कर दिया। आज हम सभी का दायित्व है कि हम देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहें और अपने अपने स्तर पर एक विकसित भारत के निर्माण में भूमिका का निर्वाह पूर्ण निष्ठा के साथ करें। 19 बटालियन से सूबेदार दीपेंद्र राय, सिविल स्टाफ मुमताज भी सम्मिलित रहे। कैडेट्स ने रेजिडेंसी का भी भ्रमण किया तथा वहां के इतिहास को करीब से जाना जो चिंगारी 1857 में मेरठ से आरंभ हुई लखनऊ तक पहुंची थी और उसके निशान आज भी रेजिडेंसी में मौजूद है । 'भारत माता की जय के उद्घोष' के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने कैडेट्स के प्रयास की सराहना की।

# राजकीय बाल गृह से दो बालक फरार : महीने भर में यह दूसरी घटना : छानबीन में जुटी पुलिस

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के रामनगर स्थित राजकीय बाल गृह (बालक) के कर्मचारियों को चकमा देकर दो बालक फरार हो गए। प्रकरण को लेकर बाल गृह के प्रभारी अधीक्षक अशोक कुमार ने निगरानी के लिए तैनात कर्मचारी संजीव कुमार और सोनू प्रजापति के खिलाफ रामनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही, दोनों बालक की खोजबीन में पुलिस से मदद मांगी है। बता दें कि इससे पहले बीते 31 मार्च को फिरोजाबाद का रहने वाला 12 वर्षीय बालक बाल गृह से फरार हो गया था। अशोक कुमार ने बताया कि बिहार के जमुई जिला निवासी 12 वर्षीय बालक को बीते 22 अप्रैल को बाल गृह में लाया गया था। इसके अलावा कुशीनगर निवासी 14 वर्षीय बालक को बीते 29 मार्च को बाल गृह में लाया गया था। मंगलवार को बाल गृह के कर्मचारी रामलाल कन्नौजिया ने सूचना दी कि दोनों बालक संस्था से फरार हो गए हैं। सूचना के आधार पर दोनों बालकों की खोजबीन शुरू कराई गई, लेकिन उनका कहीं पता नहीं लगा। दोनों बालकों की देखरेख और निगरानी की जिम्मेदारी बाल गृह के कर्मचारी संजीव कुमार और सोनू प्रजापति की थी। इस संबंध में रामनगर इंस्पेक्टर भरत उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर बाल गृह के दो कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा और दोनों बालकों की गुमशुदगी दर्ज की गई है। दोनों बालकों की खोजबीन कराई जा रही है।

# हीरोइन बनाने का झांसा देकर करते थे ये काम : दंपती सहित तीन गिरफ्तार : दो किशोरियां बरामद

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में नाबालिग लड़कियों को हीरोइन बनाने का झांसा देकर आर्केस्ट्रा संचालकों को बेचने वाले दंपती सहित तीन लोगों को रोहनिया थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान परमानंदपुर के चंदन सोनकर व उसकी पत्नी राधा सोनकर और मिर्जापुर जिले के विंध्याचल थाना क्षेत्र के शिवपुर निवासी राजू सोनकर के तौर पर हुई है। तीनों के पास से पुलिस ने दो किशोरियां बरामद की है। रोहनिया क्षेत्र के एक स्कूल में हाईस्कूल में पढ़ने वाली केशरीपुर और भुल्लनपुर की दो छात्राएं बीते 19 अप्रैल को घर से निकलीं। इसके बाद वापस नहीं लौटीं। केशरीपुर की छात्रा ने अपने घर पर चिट्ठी छोड़ी थी कि अब कुछ बन कर ही लौटेंगे, मां परेशान मत होना। काफी खोजबीन के बाद भी दोनों का पता नहीं लगा तो परिजनों ने रोहनिया थाने में तहरीर दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की। रोहनिया इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार की रात दरोगा लक्षीराम चौबे, विद्यासागर व किरन यादव की टीम गश्त पर निकली थी। रात 12:15 बजे के लगभग मिल्की चक मोड़ पर दो लड़कियों और एक महिला के साथ दो पुरुषों को देख कर पुलिस टीम ने उनसे पूछताछ की। दोनों वही लड़कियां थीं जो 19 अप्रैल से घर से गायब थीं। सभी को थाने लाकर पूछताछ की गई तो दोनों लड़कियों के गायब होने की गुत्थी सुलझी।

## निर्मला देशपांडे मानवता के सन्देश की संवाहक थीं –रमेश भैया

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : समाज में उन्हीं लोगों का नाम अमर होता है, जिन्होंने अपना जीवन समाज के वंचित वर्ग के लिए समर्पित किया हो। लोग अपने लिए अपने परिवार के लिए ज्यादा से ज्यादा अपने समाज के लिए कुछ योगदान करते है। लेकिन निर्मला देशपांडे ने अपना जीवन सम्पूर्ण विष्व के लिए अर्पित किया। वे दुनिया में गाँधी विनोबा विचार की वाहिका मानी जाती थी । देखा जाये तो मानवता के विचार को जन–जन तक पहुंचाने वाली थी। उक्त विचार विनोबा सेवा आश्रम द्वारा निर्मला देशपांडे की 15वीं पुण्यतिथि पर आयोजित निर्मल भवन शिलान्यास समारोह में राष्ट्रीय मानवता पुरस्कार से सम्मानित रमेश भईया ने व्यक्त करते हुए कहा ''कि निर्मला दीदी विश्व की आवाज को दुनिया के हर कोने में पहुंचाने का काम करती थी, वो बिहार की ग्राम सभा से लेकर दिल्ली की राज्यसभा तक उन गरीब लोगों की आवाज को बुलन्द करती रही। जो अपनी आवाज मुख नहीं कर सकते थे। दुनिया के पीड़ित देश निर्माला दीदी को आवाज देते थे, और वे वहॉ पर गाँधी विनोबा की सेवक बन कर पहुँच जाती थी।'' जमुना लाल वजाज पुरस्कार से सम्मानित विमला बहन ने अपने संस्मरण सुनाते हुए कहा '' कि हम लोग गॉधी को नहीं देखे विनोबा जी को देखे, सुने लेकिन साथ में काम नहीं किये, लेकिन निर्मला दीदी के साथ बहुत काम करने का मौका मिला वे शांति सेना के सिपाही के रूप में जहां भी काम का अवसर देती थी । हम सब उनकी आवाज पर हर जगह पहुँच जाते थे, और वे बडी से बडी समस्या का



हल इन्हीं वानर, भालुओं के परिश्रम से कर देती थी सरकार भी उनको अनेक चुनौती पूर्ण कार्यो के लिए बुलाती थी आज समाज में वैसे नेतृत्व की आवश्यकता महसूस हो रही है। क्योंकि बाबा विनोबा की तीसरी शक्ति जो जनता और सत्ता के बीच में पुल का काम करती थी। उसका आज अभाव दीख रहा है । कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए निदेशक बिश्शन कुमार ने कहा ''कि दीदी के नाम से निर्मल सभागार का आज शिलान्यास हो रहा है जिसकी पूर्णता दीदी के जन्मदिन 17 अक्टूबर तक करने का संकल्प लिया गया है। जो दीदी की स्मृति में मील का पत्थर साबित होगा। दीदी ने मुझे गढ़ चिरौली में काम करने का आवाहन किया था। विनोबा सेबा आश्रम की सलाहकार सीना शर्मा ने एक सुन्दर पुस्तकालय बनाने का संकल्प लिया जिससे नयी पीढ़ी को महा पुरूषों के जीवन के बारे में बताया जा सके। निर्मल भवन शिलान्यास के अवसर पर नारियल फोड़ा गया। इस अवसर पर कमला सिंह, आशा सक्सेना, मृदुला, अनिल सिंह, डॉ0 संजीव, इतसाम तथा अमर सिंह भाई ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मुदित कुमार ने किया धन्यवाद के. पी. सिंह ने दिया।

# ट्रेन की चपेट में आने से हुईं दो युवकों की मौत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : ओवर ब्रिज बनने में मजदूरी कर रहा मजदूर ठेकेदार से मजदूरी मांगने जा रहा था। इसी बीच वह ट्रेन की चपेट में आ गया। वहीं दूसरी तरफ टिकरा गांव के पास अचानक ट्रेन की चपेट में आने से दूसरे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेते हुए उनका पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि कोतवाली देहात के खेतुई गांव निवासी 25 वर्षीय प्रवेश पुत्र रामनाथ मंगलवार की दोपहर को घर से बगैर बताए कहीं चला गया था। इसी बीच कोतवाली देहात के ही टिकरा गांव के रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। प्रवेश दिल्ली में सिलाई करता था उसके तीन भाई थे, जिनमें एक प्रवेश से बड़ा और दूसरा छोटा है। वहीं दूसरी तरफ शाहाबाद कोतवाली के सिकंदरपुर कल्लू निवासी 30 वर्षीय रविशंकर पुत्र रामविलास आंझी–शाहाबाद रेलवे स्टेशन के पास बन रहे ओवर ब्रिज में मजदूरी करता था। सोमवार की शाम को काम बंद होंने के बाद वह ठेकेदार से मजदूरी मांगने जा रहा था। इसी बीच उसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां काम कर रहे मजदूरों में हड़कंप मच गया। रविशंकर दो भाइयों में बड़ा था। परिवार में उसकी पत्नी है। पुलिस ने दोनों शवों को अलग–अलग अपने कब्जे में लेते हुए उनका पोस्टमार्टम कराया है। जून में धूमधाम से जानी थी बारात घर वाले प्रवेश की बारात की तैयारियां कर रहे थे। वह दिल्ली में सिलाई करता था। अगले महीने जून में उसकी बड़ी ही धूमधाम से बारात जानी थी। शादी के लिए वह गांव आया था। शादी की तैयारियों में जुटे उसके घर वालों को जब हादसे का पता चला तो वहां उसके घर में मौत का मातम बरपा हो गया।

# मातम में बदली शादी की खुशीः बेटे की शादी से लौट रहे पिता की मौत : ट्रक से भिड़ी कार : दो की गई जान

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ में देवगांव कोतवाली क्षेत्र के मुसाफिरगंज खनिहरा गांव के पास बुधवार को लगभग साढ़े दस बजे बारात से वापस लौट रही कार की ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में दुल्हे के पिता समेत दो लोगों की मौत हो गई। वहीं कार में सवार कुछ अन्य लोगा भी मामूली रूप से चोटिल हुए। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के खरगा गांव निवासी राम किशन यादव (45) के पुत्र अमित की मंगलवार को शादी थी। बारात जहानागंज थाना अंतर्गत चक्रपानपुर बाजार गई थी। रात में वैवाहिक समारोह संपन्न कराने के बाद दुल्हे के पिता राम किशन यादव अपनी कार खुद चलाते हुए वापस घर लौट रहे थे। कार में उनके साथ आगे सलेमपुर गांव निवासी रामराज (70) बैठे थे। सुबह लगभग साढ़े दस बजे कार देवगांव कोतवाली के मुसाफिरगंज खनियरा गांव के पास ही पहुंची थी कि ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में रामराज की मौके पर



ही मौत हो गई। वहीं कार चला रहे दुल्हे के पिता राम किशन व कुछ अन्य सवार घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टीकारगाढ़ लालगंज ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने राम किशन को भी मृत घोषित कर दिया। वहीं कार में सवार अन्य लोगों को मामूली चोट आयी थी। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेजवा दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुत्र के विवाह की खुशियां पिता के मौत से गम में तब्दील हो गया।

## हमारे जीवन में शिक्षा खेलकूद एवं कला सभी महत्वपूर्ण है –बीएसए

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर नगर के रघुवंशी अंपायर होटल में फ्रेंड्स ग्रुप ट्रस्ट एवं जारा इवेंट द्वारा आयोजित समर कैंप का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर संस्था की डायरेक्टर मिनाज शेख ने कहा की यह कैंप 3 मई से 3 जून तक चलेगा जिसमें बच्चों और महिलाओं को डांस गिटार ढोलक मोटिवेशनल क्लास आदि सिखाया जाएगा। कैंप समापन के दौरान सीखें हुए प्रतिभागियों के लिए मंच पर किड्स डांस कंपटीशन एवं किड्स फैशन शो का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएससी जौनपुर ने कहा हमारे जीवन में शिक्षा खेलकूद एवं कला सभी महत्वपूर्ण है बच्चों को हर क्षेत्र में नंबर वन रहना चाहिए और सभी अच्छी चीज सीखनी एवं पढ़नी चाहिए और अभिभावकों को भी आज के परिवेश में अपने बच्चों को हर क्षेत्र में सपोर्ट करने की जरूरत है जनपद में समय–समय पर ऐसे आयोजन करने के लिए



सलमान शेख और उनकी टीम को बधाई कार्यक्रम का संचालन कोरियोग्राफर सलमान शेख ने किया आभार हर्षवर्धन रघुवंशी ने किया ।इस अवसर पर डॉक्टर एस के सिंह डॉक्टर प्रियंवदा सिंह कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू खुशबू यादव रागिनी मोरिया वैभव गुप्ता आशीष श्रीवास्तव डॉ सुधांशु टंडन डॉ स्मिता टंडन मिता अग्रहरी वंशिका सिंह ज्योति श्रीवास्तव गायत्री जयसवाल राहुल सिंह राहिल राहिल शेख इमरान खान विजय उपाध्याय के अलावा बच्चे और उनके अभिभावक उपस्थित रहे

## नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के लिए जानें किस किस बीच में होगी टक्कर : किसकी प्रतिष्ठा लगी है दांव पर किसके सर सजेगा ताज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निकाय सामान्य निर्वाचन के तहत अब चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की स्थिति साफ होने के बाद संकेत भी मिलने लगा है कि चेयरमैन का ताज किसके सर जा सकता है। इसके तहत जौनपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद की बात की जाये तो यहां पर प्रमुख राजनैतिक दलो सहित निर्दल कुल 09 महिला प्रत्याशी चुनाव के मैदान में मतदाताओ को अपनी ओर आकर्षित करने में जुट गयी है। मुख्यालय के 39 वार्डो में 229 महिला पुरूष सभासद बनने के लिए मतदाताओ के दर पर मत्था टेकते नजर आ रहे है। यहां पर अध्यक्ष के लिए प्रमुख दलो के प्रत्याशियों की बात करें तो सत्तारूढ़ दल भाजपा ने मौर्य समाज पर दांव लगाते हुए बीजेपी के पूर्व सभासद डॉ राम सूरत मौर्य की पत्नी मनोरमा मौर्या को प्रत्याशी बनाया है। बसपा से निवर्तमान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर माया टंडन पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर दिनेश टंडन की पत्नी एक बार फिर चुनाव में पूरी ताकत से ताल ठोंकते हुए मतदाताओ के यहां दस्तक दे रहीं है। सपा की बात करें तो सपा ने चुनाव में आने का कोरम पूरा करते हुए उषा जायसवाल पत्नी श्रवण जयसवाल को चुनाव के मैदान में उतारा है। सोनू जायसवाल समाजवादी पार्टी के काफी पुराने नेता है साथ ही व्यापारी वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं वर्तमान में नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष भी हैं वहीं आम आदमी पार्टी ने नगर पालिका के हर चुनाव में दल बदलने वाली डॉ चित्रलेखा सिंह कर्मचारी नेता निखिलेश सिंह को चुनाव मैदान में लाकर खड़ा कर दिया है। यहां बता दें कि चुनाव घोषित होने तक डॉ चित्रलेखा सिंह समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय महिला सचिव रही है। कांग्रेस ने भी अल्पसंख्यक समुदाय पर दांव लगाते हुए दरख्शा खातून पत्नी इश्त्याक को अपना प्रत्याशी बनाया है। हालांकि इनका कोई खास राजनीतिक परिवेश नहीं है फिर भी है चुनाव मैदान में हैं शेष चार महिलाएं निर्दल चुनाव मैदान में डटी है और नगर पालिका के अध्यक्ष पद को पाने का सपना देख रही है। अब इस चुनाव में ताल ठोकने वाले राजनैतिक दल के प्रत्याशियों की बात करें तो बसपा प्रत्याशी माया टंडन और इनके पति दिनेश टंडन विगत 22 वर्षो से नगर पालिका की कुर्सी पर रहते हुए नगर पालिका क्षेत्र के सबसे लोकप्रिय और व्यवहार कुशल अध्यक्ष के रूप में खुद को स्थापित कर लिये है। जब तक अन्य दलो के प्रत्याशी टिकट के लिए अपने आकाओं के यहां मत्था टेक रहे थे तब तक दिनेश टंडन और माया टंडन ने मतदाताओ के दर पर पहुंच कर हाजिरी लगाते हुए उनसे आशिर्वाद प्राप्त करने में सफल रहे है और पूरी मजबूती के साथ चुनाव के मैदान में अन्य राजनैतिक दल के प्रत्याशियों को टक्कर दे रहे है। सत्तारूढ़ दल भाजपा की बात करें तो यहां टिकटार्थियों की लम्बी कतार थी। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के अन्तिम दौर में यहां पर टिकट फाइनल किया गया और पार्टी ने मौर्य समाज पर दांव खेलते हुए डॉ राम सूरत मौर्य की पत्नी मनोरमा मौर्या को चुनावी मैदान में उतार दिया। नामांकन के बाद मौर्या के साथ भाजपा की टीम मतदाताओ के यहां दस्तक दे रही है लेकिन अभी भी बसपा प्रत्याशी के प्रचार अभियान से कोसो पीछे नजर आ रही है। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जौनपुर शहर विधान सभा से चुने गए विधायक एवं प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द यादव, पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह पूर्व सांसद डॉक्टर के पी सिंह सहित तमाम बीजेपी के कद्दावर नेता जिले में डेरा डाले हुए हैं और लगातार डोर टू डोर प्रचार अभियान चलाते हुए जन सम्पर्क खुद भी कर रहे है ताकि भाजपा प्रत्याशी को नगर पालिका परिषद की कुर्सी पर आसीन कराया जा सके। इस चुनाव में मंत्री ने भी अपनी प्रतिष्ठा को भी दांव पर लगा दिया है।हालांकि प्रत्याशी के पक्ष में जहां एक ओर पार्टी खड़ी है वहीं टिकट न पाने वाले अन्दर खाने में ऐसा खेल कर रहे है कि नैया का पार लगना कठिन होगा। सपा की बात करें तो यहां पर पहले मौर्य को टिकट दिया गया लेकिन भाजपा से मौर्य प्रत्याशी घोषित होने के बाद सपा ने मौर्य के स्थान पर चुनाव में आना मजबूरी मानते हुए उषा जायसवाल पत्नी श्रवण जयसवाल को चुनाव मैदान में उतार दिया है। यहां एक जानकारी देदें कि चुनाव घोषित होने तक उषा जायसवाल हिन्दू संगठन से जुड़कर काम करती रही है सपा की विचार धारा से ताल्लुक नहीं रखती थी। लेकिन अब सपा की अधिकृत प्रत्याशी है। इसी तरह कल तक सपा की सदस्य रही डॉ चित्रलेखा सिंह पत्नी निखिलेश सिंह टिकट न मिलने पर आप से जुड़ी और चुनावी मैदान में आ गई। इनके बारे में आम चर्चा है कि विगत कई चुनाव से वोट काटने के लिए मैदान में आती है और बार दल बदलती रहती है। कांग्रेस जो वर्तमान में जनधार विहीन पार्टी बनकर रह गई है उसने इस बार अल्पसंख्यक समुदाय पर दांव खेलते हुए दरख्शा खातून पत्नी इश्त्याक को मैदान में उतार दिया है। हालांकि इनका कोई राजनैतिक अथवा सामाजिक स्टेटस नहीं है इसके बाद भी मीडिया के जरिए दावा ठोक रहीं है कि लोकप्रिय और मजबूत प्रत्याशियों के वोट में सेंधमारी करेगी। इनके बयान केवल लोगो को सांत्वना दिन वह दिन में सपने देखने जैसी बात के अलावा कुछ भी दम नहीं रखते है। इस तरह अगर बारीक अध्ययन किया जाये और मतदाताओ की नब्ज टटोलने जाय तो संकेत मिला है कि नगर पालिका परिषद के इस चुनाव में बसपा प्रत्याशी निवर्तमान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद माया टंडन पत्नी दिनेश टंडन पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका और भाजपा प्रत्याशी मनोरमा मौर्या पत्नी डॉ राम सूरत मौर्य के बीच अन्तिम रूप से जंग होगी।जबकि सपा तीसरे आप पार्टी उम्मीदवार चित्रलेखा सिंह चौथे स्थान पर रहेंगी और कि शेष सभी केवल चुनाव लड़ाई लड़ रहे है। हलांकि नगर पालिका परिषद क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओ की तादाद खासी अच्छी है और वही पूरी तरह से शान्त है। लोगो की माने तो ये लोग भाजपा को कड़ी टक्कर देने वाले प्रत्याशी के साथ जा सकते है। प्रत्याशियों को मैदान में आने के बाद उनकी लोकप्रियता के आधार पर आगामी चेयरमैन का भी संकेत नजर आने लगा है। हालांकि 1 मई को भाजपा उम्मीदवारों को जिताने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर के बीआरपी इंटर कॉलेज में जनसभा करके लोगों से वोट मांगते हुए ज्यादा से ज्यादा भाजपा उम्मीदवारों को जिताने की अपील किया लेकिन इसका कोई खास असर है मतदाताओं पर नहीं दिखाई दे रहा है। अभी मतदाता शांत बनाए हुए हैं जो भी उनके दरवाजे पहुंच रहा है उसी की राग अलाप रहे हैं और उसी को वोट देने की बात कह रहे हैं। आगामी 13 मई को आने वाले परिणाम यह बता पाएंगे कि जिले का ताज किसके सिर बैठने वाला है जो अभी गर्भ में है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्री–ट्रायल की प्रथम बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : प्रस्तावित दिनांक 21.05.2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्री–ट्रायल की प्रथम बैठक आहूत की गयी। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के कुशल निर्देशन में 21 मई 2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिवक्तागण से विचार विमर्श हेतु प्री–ट्रायल बैठक श्री भुदेव गौतम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर की अध्यक्षता एवं श्री प्रशांत कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के संयोजन में आज न्यायालय/कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर में समय दोपहर 2:30 बजे आयोजित की गयी। बैठक में विचार–विमर्श करते हुए श्री भुदेव गौतम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण जौनपुर द्वारा मोटर दुर्घटना दावा के अधिवक्ताओं को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित वादों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह–समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण कराये जाने का आह्वान किया गया तथा कहा गया कि समझौता पत्र मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में प्रस्तुत कर वादों का निस्तारण कराया जा सकता है। किसी भी




प्रकार की समस्या होने पर आप अधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। उनके द्वारा नियमानुसार पूर्ण सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर श्री प्रशांत कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर द्वारा उपस्थित समस्त अधिवक्तागण से अपील की गयी कि अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। उपस्थित अधिवक्ता गण द्वारा अधिकतम वादों के निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर लोक अदालत हेतु गठित एम0ए0सी0टी0 पीठ के सदस्य अधिवक्ता श्री हिमांशु श्रीवास्तव व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के प्रतिष्ठित राजा श्रीकृष्ण दत्त इंटर कॉलेज में एक समारोह कर हाई स्कूल व इंटर मीडिएट में सर्वाधिक अंक पाए छात्र/ छात्राओ को माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रबन्धक डॉ सत्य राम प्रजापति ने कहा कि सभी बच्चो को एक समान शिक्षा गुरुजन देते है अब बच्चो का



टैलेंट है कि वह कितना प्राप्त कर लेते है जो। बच्चा कम नंबर पाया उसे हतोत्साहित होंने की आवश्यक्ता नही है उसे वर्तमान से सिख लेते हुए और श्रम करने की जरूरत है। प्रधानाचार्य डॉ संजय चौबे ने कहा कि छात्रों का संम्मान होने से उनका मनोबल बढ़ता है, और प्रेरणा मिलती है, उन्होंने बच्चो को शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।डॉ प्रेम चंद, अशोक तिवारी, अशोक मिश्रा, उप प्रबंधक जियाराम यादव ने भी बच्चो को शुभकामनाएं दी। हाई स्कूल में गरिमा यादव, अनामिका यादव, अलीशा, अंकिता, गौरव, प्रियांशु यादव, हर्ष यादव, इंटर मीडिएट में सुधांशु यादव, अब्दुल मलिक, रिया यादव, जैनब सिद्दीकी, रितिका शर्मा, कृतिका शाह, अदिति सिंह, मानवी सिंह, नेहा कन्नौजिया , पलक राय को अपने आपने कक्षाओं में अधिकतम अंक पाने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंजनी श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश सिंह, बृजभूषण यादव, नागेंद्र यादव, राजेश श्रीवास्तव, विनय ओझा, बिंदु सिंह, रंजना चौरसिया, श्रवण पांडेय आदि शिक्षकगण आदि उपस्थित रहे। संचालन डा विश्वनाथ यादव ने किया।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर खड़े ट्रक से टकराई तेज रफ्तार बस : चालक की मौत : 29 घायल

बाराबंकी ब्यूरो : पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सुबेहा थाना क्षेत्र में पहले से खड़े ट्रक में पीछे से एक बस जा टकराई। हादसे में बस चालक की मौत हो गई जबकि 29 यात्री घायल है। घायलों को अमेठी जिले की शुकुलबाजार



सीएचसी में भर्ती कराया गया। छह की हालत गंभीर है। बुधवार की सुबह लखनऊ से आजमगढ़ जा रही लोहिया ग्रामीण सेवा की रोडवेज बस पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सुबेहा थाना क्षेत्र के शुकुलपुर गांव के पास पहले से खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। बस चालक आजमगढ़ जिले के गदियापार निवासी अमरजीत की मौके पर मौत हो गई। सूचना पाने के बाद यूपीडा और पुलिस ने 29 घायल यात्रियों को नजदीक होने के कारण अमेठी जिले के शुकुल बाजार सीएससी में भर्ती कराया। बस में कुल 38 लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद बस के परखच्चे उड़ गए।

## विंध्याचल धाम में दर्शन पूजन के लिए उमड़ा भक्तों का रेला : जयकारे से गूंजा मंदिर परिसर

मिर्जापुर ब्यूरो : मिर्जापुर के विंध्याचल धाम में बुधवार को दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। बैशाख शुक्ल त्रयोदशी तिथि पर बुधवार को मुंडन व जनेऊ का विशेष संयोग होने की वजह से मां के धाम में



उमड़े देवी भक्त दर्शन पूजन कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना करते देखे गए। भोर से मंदिर परिसर में लंबी लंबी कतार लग गई।परिक्रमा पथ एवं पुरानी वीआईपी, नई वीआईपी, सदर बाजार, पक्का घाट गलियों में दर्शनार्थियों की भीड़ के चलते जगह–जगह सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। लोगों ने गंगा स्नान के बाद विधिवत दर्शन पूजन किया। पूरे दिन भक्तों के जयकारे गूंजते रहे।

## नगर पंचायत में जोर आजमा रहे हैं समाजसेवी जयसिंह राजपूत



जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : गौराबादशाहपुर क्षेत्रांतर्गत जयसिंह राजपूत नें अपनें जीवन का अधिकांश समय गरीब, मजदूर,शोषित, वंचित लोगों के साथ हो रहे अन्याय की लड़ाई लड़ने में समर्पित कर दिया है। कारण है कि जब से गौराबादशाहपुर नगर पंचायत हुआ है एवं चुनावी सरगर्मी तेज हुई है,तब से क्षेत्र की जनता उर्मिला जयसिंह राजपूत की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है,क्योंकि जनहित की लड़ाई लड़ने वाले यही मात्र एक ऐसे प्रत्याशी हैं,जिन्होंने गरीबों के हितों की रक्षा करते हुए चाहे शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य वितरण संबंधी, बैंक संबंधी, बिजली बिल, चकबंदी में धांधली, रोडवेज की मनमानी,डाई यूरिया सम्बंधित आदि तमाम समस्याओंसे जनता को निजात दिलाने का कार्य किया है। देखना यह है कि गौराबादशाहपुर क्षेत्र की जनता इनके द्वारा किये गये कार्यो को कितना पसंद करती है।

## लायन्स क्लब हरदोई ने प्रारम्भ की प्याऊ सेवा : हर वर्ष शहर के विभिन्न स्थानों पर होती है स्थापना

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : लायंस क्लब हरदोई ने भीषण गर्मी के चलते कलेक्ट्रेट स्थिति पूर्व डीजीसी सिविल लायन अविनाश चंद्र गुप्ता के ऑफिस के पास प्याऊ सेवा प्रारंभ की। हालांकि आज स्थापना दिवस पर तेज बारिश ने राहत दी। क्लब द्वारा भीषण गर्मी से निजात दिलाने के उद्देश्य से सेवा का शुभारंभ किया गया। जिसमें राहगीरों एवं कलेक्ट्रेट मे आये वादकारियों को निशुल्क पेयजल की व्यवस्था रहेगी। इसे ईश्वरीय सेवा बताते हुए लायन्स क्लब के पूर्व गवर्नर हरगोविंद सेठी ने कहा कि क्लब द्वारा प्रतिवर्ष गर्मियों में ये सेवा की जाती है, शहर के विभिन्न स्थानों पर ये सेवा जल्द प्रारंभ हो जाएगी, जिससे राहगीरों को कुछ मदद मिल सकेगी। प्याऊ का शुभारंभ करते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मीकांत तिवारी ने इसे एक पुनीत कार्य बताते हुए क्लब के सेवा कार्यो की सराहना की। इस



अवसर पर अध्यक्ष गौरव सिंह भदौरिया, सचिव अनूप पूरी, अविनाश चंद्र गुप्ता, अशोक गुप्ता, अनुराग मिश्र, श्यामजी गुप्ता, श्रवण कुमार मिश्र 'राही', अपर शासकीय अधिवक्ता सुनील सोमवंशी, आलोक गुप्ता, आशीष गुप्ता सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थिति रहे।

## अजब–गजबः नियम तोड़ने पर चालान कटता है बाइक वाले का : जुर्माने का संदेश जाता है कार वाले को

गोरखपुर ब्यूरो : चालान होता है बाइक का और मैसेज पहुंचता है कार मालिक के पास। कई लोगों के मोबाइल फोन पर ऐसे संदेश आए होंगे। मैसेज पढ़कर हैरत में पड़े ऐसे कई लोगों की शिकायतें पुलिस के पास पहुंचती हैं। लेकिन, पुलिस जांच करने की जगह चालान के आंकड़ों को बढ़ाने में ही खुश है। जबकि इस तरह के मामलों की तह तक जाने में असली खेल सामने आ जाएगा। असल में कुछ लोग चालान से बचने के लिए गलत नंबर प्लेट लगा ले रहे हैं। इनकी आड़ में बहुत सारी चोरी की गाड़ियां भी शहर में चल रही हैं। इसकी तस्दीक उन गाड़ी मालिकों की शिकायत करती हैं, जिसमें उन्होंने पुलिस को बताया है कि उनकी गाड़ी चोरी हो चुकी है और गाड़ी के चालान का संदेश अब पहुंचा है। शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर आईटीएमएस (इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) लगा दिया गया है। कैमरों की जद में आए यातायात के नियमों को तोड़ने वालों का चालान भी किया जा रहा है। लेकिन, ट्रैफिक पुलिस चालान के अनोखे मामलों की शिकायत की गंभीरता से जांच नहीं कर रही है। अगर किसी ने शिकायत कई बार की, तो जुर्माने की राशि को माफ करके मामला रफा–दफा कर दिया जाता है। यातायात पुलिस कार्यालय में ऐसे एक नहीं बल्कि, कई मामले सामने आ चुके हैं। कई ऐसे लोगों ने भी शिकायत की है, जिनकी गाड़ी पहले ही चोरी हो चुकी हैं और चालान के मैसेज अब आ रहे हैं। चोरी की बाइक का कट गया चालान गोला इलाके के बिसरा निवासी संतोष की हीरो डीलक्स बाइक (नंबर up53cw5078) तीन महीने पहले मेडिकल कॉलेज से चोरी हो गई थी। बृहस्पतिवार को संतोष के मोबाइल फोन पर उनकी बाइक के चालान कटने का संदेश आ गया। यह देखकर संतोष हैरान हो गए और थाने पहुंच गए। लेकिन, अभी तक इनके वाहन का सुराग नहीं लग पाया। जबकि, चालान से साफ है कि वाहन चोर उनकी बाइक को आराम से शहर में चला रहा है। नियम किसी और ने तोड़ा एक हजार का मैसेज आया रवि के पास गोरखनाथ के रहने वाले रवि सिंह के मुताबिक, उनके पास पैशन प्रो बाइक है। जिसका नंबर UP–53–DC–0791 है। बताया कि 11 मार्च को उन्हें अपने मोबाइल फोन से पता चला कि बाइक का एक हजार का चालान हुआ है। ट्रैफिक



कार्यालय जाकर चालान चेक कराया तो पता चला कि नंबर तो उनका ही था। लेकिन, गाड़ी पैशन प्रो नहीं, बल्कि बुलेट थी। ऑनलाइन चालान की कॉपी में एक व्यक्ति बुलेट पर सवार दिख रहा था। जौनपुर में कटा गोरखपुर की गाड़ी का चालान तिवारीपुर इलाके के रमदतपुर के रहने वाले कृष्ण पाल यादव के पास एक बुलेट है। जिसके नंबर का इस्तेमाल जौनपुर में एक दूसरी बुलेट पर किया जा रहा था। जनवरी 2022 में कृष्ण पाल को अपने मोबाइल फोन पर आए मैसेज से पता चला कि उनकी गाड़ी का जौनपुर में दस हजार का चालान काटा गया है। जब कि कृष्ण पाल गोरखपुर में भी कभी–कभी बुलेट निकालते थे और जौनपुर तो उनकी बुलेट कभी गई ही नहीं थी। इसके बाद वह हैरान–परेशान ट्रैफिक पुलिस के पास पहुंचे। शिकायत दर्ज कराने के बाद चालान निरस्त हुआ। सड़क पर चल रही थीं एक नंबर की दो कार जून 2021 में भटहट के पास रहने वाले राजपुर निवासी शंभू सिह की मारूति जेन कार UP–53–X–8487 एक सप्ताह से गैराज में खड़ी थी। इस दौरान बिना सीट बेल्ट बांधे कार चलाने के जुर्म में उनका एक हजार का चालान कट गया। जब उन्होंने चेक किया तो पता चला कि बोलेनो कार में उनका नंबर लगा हुआ था। ट्रैफिक पुलिस कार्यालय पहुंचे तो उन्हें शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई। कार विंध्याचल में थी गोरखपुर में कट गया चालान शहर के अभिषेक पांडेय मार्च 2023 में अपनी कार यूपी 53 एएफ 4470 से विंध्याचल (मिर्जापुर) गए थे, वहीं उनके फोन पर मैसेज आया कि उनकी कार चालान गोरखपुर में हुआ है, लेकिन चालान पर कार नहीं बल्कि ट्रैक्टर की फोटो थी। चालान गोरखपुर में दिखा रहा था, जबकि वह कार सहित मिर्जापुर में थे। तब से वह जिम्मेदारों के चक्कर काट रहे है, लेकिन अबतक समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

## 76 लाख के गबन में फंसे 33 डाक कर्मियों पर लटक रही बर्खास्तगी की तलवार : सहमे हैं डाक कर्मचारी

गोरखपुर ब्यूरो : प्रधान डाकघर समेत चार उप डाकघरों के निष्क्रिय खातों से निकाले गए 76 लाख रुपये के गबन के मामले में दोषी पाए गए 33 कर्मचारियों पर अब बर्खस्तागी की तलवार लटक रही है। केंद्रीय कर्मचारी नियमावली की धारा 14 के तहत इसकी सुनवाई प्रक्रिया चल रही है। मामले में 23 हजार खातों की और जांच हो रही है। मंगलवार को डाक विभाग के सभी दफ्तरों में हड़कंप मचा रहा। स्पेशल जांच टीम की रिपोर्ट आने के बाद अब इन कर्मचारियों गर्दन फंस गई है। मुख्य डाकघर के अलावा अन्य डाकघरों के छोटे कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते, उन्हें इस मामले में सहायक दोषी माना गया है। डाक विभाग को अब शक है कि कुछ और खातों से गबन किया गया है। इसी शक की बुनियाद पर अब 23 हजार खातों की और जांच हो रही है। गोपनीय टीम इन खातों के लेनदेन पर लंबे समय से नजर बनाए हुए है। सूत्रों के मुताबिक कुछ निष्क्रिय खातों के संचालन का मामला भी पकड़ा गया है। अधिकारियों का कहना है कि केंद्रीय कर्मचारी नियमावली की धारा 14 व 16 के तहत सुनवाई के बाद ही सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी डाक मनीष कुमार ने कहा कि सभी को विभागीय प्रक्रिया के तहत चार्जशीट जारी की जाएगी। इसी आधार पर जवाब मांगेंगे। दोषी कर्मचारियों द्वारा जवाब देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कुछ अपनी आईडी देकर बन गए आरोपी दोषी कर्मचारियों में कइयों ने खुद को निर्दोष बताया



है। उनका कहना है कि उन्होंने अपनी आईडी दूसरे कर्मचारी को दे दी और उसी आईडी से रूपयों का हेरफेर किया गया। लेकिन, विभागीय आईडी गोपनीय होती है, उसे दूसरे को देना भी गलत है। लिहाजा, ऐसे लोगों को भी दोषी बनाया गया है। एसएसपी दफ्तर के बाहर दिखे नेता एसएसपी दफ्तर के बाहर मंगलवार को दो गाड़ियों में पार्टी के नेता देखे गए। विभागीय लोगों ने बताया कि ये लोग एसएसपी से डाक विभाग में गड़बड़ी के बारे में जानकारी लेना चाह रहे थे। एसएसपी अन्य बैठकों में व्यस्त थे, लगभग एक घंटे इंतजार के बाद नेता वापस चले गए। चर्चा है कि नेता जी मामले में दोषी कर्मचारियों के लिए बात करने आए थे।

# पिता की बातों से गुस्से में हैवान बना था महेश : पीट–पीटकर ले ली मां की जान

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में खजनी इलाके के बरडांड़ गांव में मां की हत्या करने का आरोपी महेश पहले भी मारपीट कर चुका है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि एक साल पहले उसने मारपीट की थी, जिसमें पिता को चोट आई थी। लेकिन, मामला पारिवारिक होने की वजह से किसी भी पुलिस में शिकायत नहीं की थी। बाद में रिश्तेदारों ने समझाकर मामले को शांत करा दिया था। एक बार फिर महेश हमलावर हो गया और फिर मां की जान चली गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के मुताबिक, खजनी इलाके के महुआ डाबर बरडांड़ गांव के रामकेवल साहनी के तीन बेटे और दो बेटियां हैं। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। जबकि, बड़ा बेटा मोती साहनी अभी लुधियाना में रहता है। वहीं, दूसरा भोला साहनी दुबई में रहता है जबकि, तीसरा छोटा बेटा महेश अपनी पत्नी के साथ घर में रहता है। वह नशे का आदी है। शराब के नशे में वह अक्सर परिवार में विवाद करने के साथ ही पत्नी को पीटता रहता था। यही वजह है कि पत्नी भी मायके रहती थी और उसके गांव आने पर कई बार बुलाने के बाद ही वह आया करती थी। उधर, आरोपी महेश फरार है तो अन्य दोनों बेटों के अभी शहर में न पहुंच पाने की वजह से बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार भी नहीं हो पाया है। पिता की बातों से गुस्से में आया था महेश सोमवार की रात महेश शराब के नशे में धुत था। शराब पीने से मना करने पर उसका मां–बाप के साथ विवाद हो गया। इस दौरान महेश ने अपना आपा खो दिया और पहले पिता की पिटाई की फिर बचाव में आई मां परमा देवी को पीटकर मौत के घाट उतार दिया। रामकेवल की हालत भी नाजुक बनी हुई है। पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं 12 मार्च 2023 : तिवारीपुर के आवास विकास कॉलोनी में 30 हजार रुपये के लिए मधुर मुरली गुप्ता की हत्या उनके बड़े पुत्र प्रिंस ने कर दी। आरी से गर्दन काटकर अलग करने के बाद ट्रॉली बैग में रखकर फेंक दिया। छोटे भाई की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। 25 फरवरी 2023 : सहजनवां के सहबाजगंज मोहल्ले में चाट विक्रेता अवधेश गुप्ता व उनके दोनों पुत्र आर्यन और आरव की गला रेतकर हत्या कर दी गई। संपत्ति की लालच में दूसरी पत्नी नीलम ने घटना को अंजाम दिया। सास की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने नीलम को जेल भेजा। 4 फरवरी 2023 : बड़हलगंज थानाक्षेत्र स्थित खड़ेसरी गांव के सिवान में बारीडीहा में रहने वाले राजगीर गिरजेश



उर्फ गोलू का शव मिला था। भाई उग्रसेन की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और 8 फरवरी को पुलिस ने इसका राजफाश करते हुए गिरजेश की पत्नी उसके प्रेमी सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। 25 जनवरी, 2023 : राजघाट के खुर्रमपुर मोहल्ले में रहने वाले शरदचंद्र पाल ने अवैध संबंध के संदेह में अपनी पत्नी नीलम की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद थाने पहुंचकर शरद ने पत्नी की हत्या करने की सूचना पुलिसकर्मियों को दी। स्कूल बस चलाकर परिवार की जीविका चलाने वाले शरद को पत्नी के चरित्र पर संदेह था। 17 फरवरी 2022 : गुलरिहा के सराय गुलरिहा गांव में बरामदे में सो रहे शिक्षक इरशाद पर बहन ने अपने प्रेमी सूरज यादव जानलेवा हमला करा दिया। डेढ़ माह तक कोमा रहे इरशाद की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। सर्विलांस के जरिए घटना का पर्दाफाश कर पुलिस ने इरशाद की बहन व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। 16 फरवरी 2022 : पिपराइच के चकिया गांव निवासी नारदमुनि का शव गांव के बाहर नहर के पास दफनाया मिला। छानबीन में पता चला कि पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या करने के बाद शव को दफन करा दिया। सर्विलांस की मदद से घटना का पर्दाफाश कर पुलिस ने आरोपितों को जेल भेजा। 16 जनवरी 2022 : झंगहा के पलिपा गांव में प्रेम–संबंध में बदमाश ने दो साथियों की हत्या कर शव खेत में दफना दिया। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने घटना का पर्दाफाश कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा। गोरखपुर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्री दीपेंद्र मोहन सिंह ने कहा कि परिवार एक नियामक संस्था है जिसका अपने सदस्यों पर नियंत्रण रहा है, लेकिन वर्तमान संक्रमण के दौर में सामाजिक संस्थाएं अप्रभावी होती जा रही हैं। आर्थिक प्रक्रियाओं और असुरक्षा के कारण परिवार जैसी नैसर्गिक संस्थाओं में व्यापक परिवर्तन आया है। उपभोक्तावादी संस्कृति, पारंपरिक नैतिक मूल्यों के क्षरण तथा बढ़ती हुई व्यक्तिवादिता ने भावनात्मक बंधनों को कमजोर किया है। समकालीन परिवार संविदात्मक परिवार जैसे हो गए हैं, जिस कारण इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

# 192 एकड़ जमीन पर स्थापित होंगी 100 औद्योगिक इकाइयां : करीब चार हजार लोगों को मिल सकता है रोजगार

गोरखपुर ब्यूरो : औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने विवादों में पड़ी 192 एकड़ भूखंड का रास्ता साफ होने के बाद इसके आवंटन की तैयारी शुरू कर दी है। सेक्टर 13 और 15 में होने की वजह से इन भूखंडों की डिमांड ज्यादा है। इन भूखंडों पर करीब छोटे–बड़े 100 यूनिट स्थापित होंगी। इससे करीब चार हजार लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। गीडा इसी माह इसके लिए टेंडर जारी करेगा। वर्ष 2009 में गीडा की ओर से कालेसर में करीब 97.4 एकड़ और हरैया कानूनगो में 94.76 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया था। जमीन के आवंटन के लिए विकास काम शुरू किए जाने से पहले ही कई काश्तकार हाईकोर्ट चले गए और अधिग्रहण की प्रक्रिया को निरस्त करने के लिए वाद दाखिल किया। बीच के कुछ गाटों पर उन्हें स्थगन आदेश भी मिल गया। ऐसे में गीडा इस जमीन पर विकास कार्य शुरू नहीं कर सका और इसका आवंटन भी नहीं किया जा सका। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में बड़े पैमाने पर आने वाले निवेश प्रस्तावों को देखते हुए गीडा ने कोर्ट में पैरवी तेज की। इसका असर यह हुआ कि 192 एकड़ जमीन के आवंटन का रास्ता साफ हो गया है। अब यहां करीब 100 औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने की तैयारी गीडा ने शुरू कर दी है। बड़े प्रोजेक्ट औद्योगिक गलियारे में लगेंगे पवन अग्रवाल ने बताया कि सेक्टर 13 और 15 में अब बड़े प्रोजेक्ट नहीं लग सकते हैं। क्योंकि, यहां पर केवल

GIDA
GORAKHPUR INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY

192 एकड़ जमीन है। जबकि, बड़े प्रोजेक्ट के लिए ज्यादा जमीन की जरूरत है। इसलिए बड़े प्रोजेक्ट के लिए औद्योगिक गलियारे में जमीन उपलब्ध कराया जाएगा। क्योंकि, गलियारे में पर्याप्त लैंड बैंक हैं। गीडा सीईओ पवन अग्रवाल ने कहा कि दोनों जगहों पर छोटे–छोटे भूखंड निकाले जाएंगे। यह एक हजार वर्ग मीटर से करीब छह हजार वर्ग मीटर के होंगे। इन भूखंडों का इस्तेमाल समिट में आने वाले प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए किया जाएगा। क्योंकि, समिट में कई ऐसे प्रस्ताव भी आए हैं, जो छोटे प्रोजेक्ट के तौर पर है। इसमें 20 से 25 करोड़ वाले प्रोजेक्ट शामिल हैं। इसके लिए भूखंडों का इसी माह टेंडर भी निकाला जाएगा।

# अब सड़क पर रंगबाजी की तो 6 घंटे रहेंगे हवालात में –एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में सड़क हो या गांव–गली, अगर रंगबाजी किए तो हवालात में छह घंटे गुजारने ही होंगे। अगर यह सोचते हैं कि पुलिस शांतिभंग (151) में कार्रवाई करेगी और खड़े–खड़े जमानत पा लेंगे तो ऐसा अब नहीं चलेगा। थानों में इस तरह के चल रहे खेल को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने खुद पकड़ा है। एसएसपी ने इस प्रभावी धारा पर संदेश देने वाली कार्रवाई का आदेश भी जारी कर दिया है। अब पुलिस उत्पात मचाकर थाने आने वाले को हवालात में रखकर सबक सिखाएगी। वहीं, पुलिस की ओर से लापरवाही पाई गई तो उन पर भी कार्रवाई तय है। यही वजह है कि इसकी मॉनीटरिंग खुद एसएसपी कर रहे हैं। सड़क पर मारपीट, उत्पात मचाने, आपसी विवाद में मारपीट हो या फिर सात साल से कम सजा वाले मामले में पुलिस रोजाना औसतन 50 से ज्यादा लोगों का शांतिभंग में चालान करती है। इस कार्रवाई के बाद भी एसएसपी के पास आए लोग कोई कार्रवाई न होने का आरोप लगे हैं। मामला बढ़ने पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने समीक्षा की तो पाया गया कि पुलिस इस कार्रवाई की सिर्फ खानापूरी कर रही है। मसलन, किसी को पकड़कर लाया गया तो उसे 10 मिनट बाद ही चालान कर रवाना कर दिया गया और फिर वह जमानत हासिल करके घर चला जाता है। इस तरह के मामले सामने आने के बाद एसएसपी ने सभी थानेदारों और अफसरों की समीक्षा बैठक कर निर्देश जारी किया कि 151 की कार्रवाई को प्रभावी बनाया जाए। अगर, हवालात में आरोपी समय गुजारेंगे, तब ही अपराध ा छोटा होने पर भी उसके मन में सजा का डर होगा।

# 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी में महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता हेतु कार्यशाला का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 34 वी वाहिनीं पीएसी मीडिया सेल के मुताबिक शनिवार को पीएसी के नवनिर्मित हाल पिनाक मंडपम में महिलाओं में के स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया।श्रीमती दीपिका मिश्रा, अध्यक्षा, वाहिनी महिला कल्याण केंद ने कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए वाहिनी परिसर में आवासित समस्त महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।इस मौके पर कार्यशाला के वरिष्ठ चिकित्सको से परिचय कराया।पहले सत्र में 'नई सुबह मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यवहार विज्ञानं संस्थान', वाराणसी द्वारा 'बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास मे शीघ्र पहचान एवं हस्तक्षेप' विषय पर चर्चा की गई। वही कार्यशाला मे वरिष्ठ मनोचिकित्सक डा अजय तिवारी ने डीएसटी एवं वीएसएमएस परीक्षण के माध्यम से माँ को उनके बच्चों के पैदा होने के बाद से 15 वर्ष की अवस्था तक होने वाले विकास का अध्ययन किस प्रकार से करना है।यदि किसी बच्चे के विकास मे कमजोरी या पिछड़ापन दिखाई दे तो तुरंत किस प्रकार से हस्तक्षेप करना लाभप्रद होता है इसके बारे में बताया गया।कार्यशाला मे ही कई महिलाओ ने अपने बच्चों की समस्याओं के बारे मे बताया। विश्लेषण से पता चला कि बच्चों के विकास मे विभिन्न कारणों से देरी पाई गई,परन्तु माँ को अभी तक जानकारी नहीं थी कि ऐसा क्यों हो रहा है।इसी तरह अन्य समस्याओ से ग्रस्त लोग भी



पाए गए जिनके बारे मे उन्हें सम्यक जानकारी एवं परामर्श दिया गया। मनोवैज्ञानिक अर्पिता मिश्रा, गौरब तथा अनुराग तिवारी ने इस सत्र में सहयोग किया।कार्यक्रम के दूसरे सत्र में वरिष्ठ चिकित्सिका डॉ प्रेक्षा पांडेय, एमबीबीएस, डीजीओ, डीएनबी, एफएमएएस ने बताया कि महिलाओं को महिला संबंधी समस्याओं के इलाज हेतु परामर्श पहला और प्राथमिक कदम है। इतना ही नहीं, यह जीवन के प्रति एक नए दृष्टिकोण के माध यम से समग्र महिला कल्याण और उनके विकास में मदद करता है।डॉक्टर पांडे द्वारा महिला संबंधित विभिन्न रोगों की की चर्चा विस्तार से की गई व बचाव एवं उपचार संबंधी परामर्श दिया गया।कार्यशाला के समापन पर श्रीमती दीपिका मिश्रा द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉक्टर अंबुज गुप्ता द्वारा किया गया।

# मतदान को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिये मंडलायुक्त ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने पुलिस महानिरीक्षक अयोध या रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार, जिलाधि ाकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवम् नगरीय निकाय) नीतीश कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अध ाीक्षक मुनिराज जी के साथ नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को शांतिपूर्ण सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद के समस्त नगर निकायों के मतदान पार्टी रवानगी स्थल राजकीय इंटर कालेज फतेहगंज तथा राजकीय इंटर कालेज फतेहगंज के विभिन्न कक्षों में बनाये गये नगर निगम अयोध्या व नगर पंचायत गोशाईगंज के स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का निरीक्षण किया।मण्डलायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान पार्टियों के रवानगी, मतपेटियों/ईवीएम को रखने हेतु स्ट्रांग रूमों तथा मतगणना सम्बंधी समस्त तैयारियों को समय से पूर्ण करने हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया। पुलिस महानिरीक्षक ने समस्त निर्वाचन प्रक्रियाओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा सम्बंधी समस्त तैयारियों को भी सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये। उनके साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी,अपर जिलाधिकारी नगर, एसपी ट्रैफिक सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शराब पिलाकर घर में घुसकर महिला से सामूहिक दुष्कर्म : पति के दो दोस्तों पर केस दर्ज

सोनभद्र ब्यूरो : सोनभद्र में सदर कोतवाली पुलिस ने महिला को शराब पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार को वह घर पर नहीं था। उसकी 35 वर्षीय पत्नी और 15 साल की बेटी घर पर थी। बेटी घर के बाहर अन्य छोटे बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान गांव के परिचित दो युवक घर पर पहुंचे। दोनों ने ध ाोखे से पत्नी को शराब पिलाया। इसके बाद दोनों से उसके साथ दुष्कर्म किया। बेटी के चिल्लाने पर आरोपी उसकी पत्नी को छोड़कर भाग गए। सूचना पर जब घर पहुंचा तो पत्नी जमीन पर बेसुध मिली। कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि



पीड़िता के पति की तहरीर पर मंगलवार की शाम मु. हुसैन उर्फ चवन्नी और रामशरण पर सामूहिक दुष्कर्म और एससी–एसटी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# किसी का मुर्गा खा गए तो पी गए किसी का पौव्वा : डकार लेने को तैयार नहीं मतदाता

गोरखपुर ब्यूरो : दारू, मुर्गा, साड़ी हो या फिर नकदी, इसकी मदद से मतदाताओं को लुभावने की कोशिश तो कुछ उम्मीदवार ने की है, लेकिन मतदाताओं की खामोशी ने उनकी नींद उड़ा दी है। भोले–भाले दिखने वाले मतदाता ही सबसे शातिर निकले हैं। उनके दर पर जो भी उपहार लेकर पहुंचा है, किसी को भी नाराज नहीं किए। किसी का दिया मीट खा गए तो किसी से रोज पौव्वा ले रहे हैं। इन सब के बाद अगर कोई नकदी पकड़ा दे तो उससे भी गुरेज नहीं। मतदाता हर उम्मीदवार से मिलने वाले उपहार को पकड़ ले रहे हैं, लेकिन चुप्पी साधे हुए हैं। वोट किसे देंगे, यह तो चुनाव परिणाम आने के बाद ही साफ होगा कि किसका मुर्गा कारगर रहा और किसका नोट। जानकारी के मुताबिक, चुनाव अपने अंतिम चरण में है। नतीजतन उम्मीदवार मतदाताओं को लुभावने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। इसी का फायदा मतदाता उठा रहे हैं। आलम यह है कि अब तो दारू पीने के बाद मतदाता एक उम्मीदवार के जाने पर दूसरे के समर्थक से सीध ा बोल दे रहे हैं कि फला उम्मीदवार तो मीट और पांच सौ रुपये देकर गए हैं। आप भी जान लीजिए, मेरे घर में छह लोग है, वह तीन लोग का ही देकर गए हैं। उनको तो वोट नहीं देंगे। फिर क्या अगले उम्मीदवार को छह लोगों के हिसाब से तीन हजार रुपये, दारू और मीट तो देना ही होगा। इन सब के बाद इसके बाद कोई अन्य प्रत्याशी आया तो फिर से वहीं पुरानी बात कहकर अपना काम चला ले रहे हैं। दृष्य एक साहब, नेताजी चुनाव बाद थोड़े न आएंगे उत्तरी क्षेत्र के नगर पंचायत के एक गांव में मंगलवार को गजब नजारा देखने को मिला। दोपहर करीब तीन बजे पसीना पोछते एक नेताजी मतदाताओं को एकत्र कर बता रहे थे कि आज तो आखिरी दिन है प्रचार का। हमने आप की सेवा की है, आप वोट देकर मदद कर दीजिएगा। इतने पर एक ग्रामीण बोल पड़ा, आप तो घर के तीन लोगों का ही देकर गए थे। दूसरे उम्मीदवार तो घर के सभी सदस्य के हिसाब से दिए हैं। इतना ही नहीं, आपका मुर्गा का मीट भी ठीक नहीं था। फिर क्या नेताजी पसीना–पसीना हो गए। मतदाताओं को सहेजने के लिए अपने एक समर्थक को लगा दिए और फिर से मीट, रुपया, शराब तो दिए ही, साड़ी भी दूसरे गांव से मंगवाकर थमा दिए। जाने के बाद ग्रामीण भी बोला, साहब चुनाव बाद यहां थोड़े आएंगे। दृष्य दो नेताजी आपने साड़ी ठीक नहीं दी थी सहजनवां इलाके के एक गांव में नेताजी ने वोटरों को लुभाने के लिए पुरुष वर्ग के लिए शराब की व्यवस्था की है तो महिलाओं के लिए साड़ी की। अब अंतिम दिन प्रचार करते नेताजी एक गांव में मंगलवार को पहुंचे तो महिलाओं ने कह दिया, नेताजी वोट तो मांग रहे हैं, लेकिन जो साड़ी दिए तो वह ठीक नहीं है। कहिए तो वापस कर दें। नेताजी ने समझाया, और पर्चा में लपेटकर रुपये थमाए और बोले आप मदद करें, चुनाव जीता तो महंगी साड़ी मिलेगी। यह जो रुपये दिया हूं, इससे खरीद लें। इसके बाद नेताजी हाथ जोड़ते निकल गए। दृष्य तीन आप तो दो ही शीशी दे रहे, उसने तो तीन दिया शहर के उत्तरी इलाके के एक मोहल्ले के निषाद टोले में दूसरे वर्ग के प्रत्याशी पहुंचे थे। मंगलवार को अपना चुनाव चिन्ह याद दिला रहे थे। दोपहर में एक बजे के करीब घर–घर में जा रहे थे। तभी कुछ लोग ताश का पत्ता पलटते मिल गए। उनसे भी बोले, कोई दिक्कत तो नहीं। इतने में एक युवक ने बोल दिया, आप तो एक दिन में दो ही शीशी दे रहे हैं, दूसरे दल के उम्मीदवार ने तो तीन शीशी दिया है। आपकी क्या मदद करनी है। अभी तो वह देकर गए हैं। फिर क्या, समर्थक पीछे से आया और बोला कि अमुक जगह पर आ जाइए, सब हो जाएगा। बस चुनाव चिन्ह.. .याद रखिएगा।

# उदयपुर कामाख्या एक्सप्रेस में मिली लाश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंगलवार को अयोध या कैंट रेलवे स्टेशन पर उदयपुर कामाख्या डाउन एक्सप्रेस से एक व्यक्ति की लाश मिली।थानाध्यक्ष जीआरपी एस पी शुक्ला ने बताया कि कैंट रेलवे स्टेशन पर उदयपुर कामाख्या डाउन एक्सप्रेस ट्रेन से मिलने वाली लाश की पहचान कौशल कुमार ठाकुर पुत्र भगवान लाल ठाकुर मानिकपुर वैशाली बिहार के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक राजस्थान में रहकर मजदूरी करता था परिजनों के मुताबिक दो–तीन दिन पूर्व अचानक तबियत खराब होने पर वह अपने गांव समस्तीपुर के लिए जा रहा था।उसी बीच में तबीयत खराब होने के कारण रास्ते में उसकी मौत हो गई।

# अश्वनी पुरम वार्ड में बसपा पार्षद कार्यालय का हुआ उद्घाटन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर निगम अयोध या के वार्ड संख्या 28 अश्वनी पुरम बसपा कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में आए अयोध्या मंडल जोन प्रभारी बसपा प्रदीप भारती ने फीता काटकर किया। सबसे पहले अश्वनी पुरम वार्ड से बसपा वार्ड



पार्षद से चुनाव लड़ रहे रामशरण राय ने आए हुए मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदीप भारती के अलावा अयोध्या बसपा विधान सभा प्रभारी रवि प्रकाश मौर्या,महेंद्र प्रताप आनंद जिलाध्यक्ष अयोध्या,रंजीत सोनकर अयोध्या महानगर अध्यक्ष बसपा, बीवीएफ विधानसभा अध्यक्ष बीवीएफ मोहरम अली, अयोध्या विधानसभा उपाध्यक्ष बसपा राम जी सोनी,इन्द्र सेन मौर्या वरिष्ठ बसपा नेता के अलावा अमित कुमार दीनदयाल आर्य हरिओम सोनी रवि मौर्या सौरभ सिंह हिमांशु आकाश सिन्हा हरिओम राय,नंद लाल,सूरज राय संजय श्रीवास्तव अर्पण मिश्रा पारुल सिंह गोलू शर्मा तनिष्क राय अंकित सिंह दुनमुन सहित कई बसपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# पुलिस प्रशासन देह व्यापार पर लगाये रोक – विक्रमणि तिवारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी नगरी में चल रहे देह व्यापार पर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा अंकुश लगाने की मांग सामाजिक कार्यकर्ता एवं हिन्दू एक्टिविस्ट विक्रमणि तिवारी ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान किया। उन्होने कहा कि शहर के कई इलाकों में स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार धंधा जोरों से चल रहा है। जिसमें सफेद पोश व पुलिस कर्मियों के भी मिले होने की आशंका जताई जा रही है।इस संबंध में पुलिस से मौखिक शिकायत एवं ट्युटर, के माध्यम से शिकायत किया।परन्तु अभी तक कोई हल न होने के कारण मैने यह पत्रकार वार्ता आयोजित की गई।अयोध्या की छवि न खराब होने पाये यह हम सभी व सामाजिक एवं नैतिक दायित्व है।हमें अपना समाज एक ऐसा आदर्श समाज बनाना है जो भगवान श्री राम की मर्यादा के अनुरूप हो ।नगर में देह व्यापार का धन्धा नहीं बन्द हुआ तो व्यापक स्तर पर आंदोलन की भी रूप रेखा तैयार की जायेगी।

# थाना हैदरगंज पुलिस ने गायब युवक को किया बरामद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थाना हैदरगंज पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र से गायब युवक को बरामद किया।थानाध्यक्ष हैदरगंज मोहम्मद अरशद ने उप निरीक्षक अजय कुमार तिवारी की मदद से गुमशुदा व्यक्ति विकास कुमार धुरिया पुत्र श्रीपाल धुरिया निवासी खल्ली पाठक का पुरवा बैतीकला थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या को सोमवार को बरामद किया। मालूम हो कि गायब हुए युवक ने पिता द्वारा पूर्व मे अपने लड़के के गुम होने के संबंध मे प्रार्थना पत्र दिया गया।जिसके संबंध मे थाना स्थानीय पर गमशुदगी दर्ज की गई थी।लिखित तहरीर व सूचना देने के उपरान्त प्रभारी निरीक्षक थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या के निर्देशन मे टीम गठित कर गुमशदा व्यक्ति की बरामदगी की गई।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**
**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।